01 जून, 2023 गोरखपुर ।

ब्लड बैंकों की विनियामक संस्था राज्य रक्त संचरण परिषद ने निर्देश जारी किया था की सभी निजी एवं सरकारी ब्लड बैंक को प्रत्येक माह के प्रथम दिन एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए ।

गोरखनाथ ब्लड बैंक में राज्य रक्त संचरण परिषद के निर्देशानुसार इसका अनुपालन में आज जून के पहले दिवस को एक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर, गोरखपुर के परिसर में किया गया है।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने वह सर्वप्रथम गुरुद्वारा कमेटी के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए तथा उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा परिसर में प्रत्येक माह की एक तारीख को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । जनमानस से भी निवेदन है तथा अपेक्षा है की अपने समीप कोई भी रक्तदान केंद्र हो वहां जाकर रक्तदान करके रक्तदान महादान के आवाह्न को और मजबूत बनाएं ।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पंजाबी एकेडमी के सदस्य जगनैन सिंह जी ने सभी के रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

आज के रक्तदान शिविर में सैयद मो हुजैफा, समीर द्रिवेदी, डॉ सौरभ डूबे सहित 12 लोगों ने रक्तदान शिविर में रक्तदान किया।

ब्लड बैंक की मोबाइल टीम के साथ टेक्नीशियन संदीप यादव, सतीश, निधि आदि रक्तकोश कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा तथा उन्होंने इस रक्तदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। गिरीश पाठक संदीप यादव घनश्याम पांडे आदि रक्तकोश कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा तथा उन्होंने इस रक्तदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।